**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–21.09.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि के पहले दिन से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होंने की घोषणा की, कहा – यह बचत उत्सव युवा, मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं और उद्यमियों के लिए लाभकारी साबित होगा।**
2. **सेवा पखवाड़ा के तहत कोडरमा स्टेशन पर प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर लगाई गई प्रदर्शनी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– प्रधानमंत्री का जीवन संघर्ष और सेवा का प्रतीक है।**
3. **कांग्रेस ने रांची में अनुसूचित जाति संगोष्ठी का किया आयोजन, नेताओं ने भाजपा शासन में दलितों को अधिकारों से वंचित करने का लगाया आरोप।**
4. **मौसम विभाग ने कल पूरे राज्य के लिए जारी किया येलो अलर्ट, भारी बारिश और वज्रपात की जताई आशंका।**

**और**

5. **एशिया कप टी–20 के सुपर–4 में आज रात भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार नवरात्रि के पहले दिन कल से प्रभावी होंगे। राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव कल से शुरू होगा। लोग कम कीमत पर अपने पसंद के सामान खरीद सकेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की विकास गाथा इन सुधारों के साथ बदल जाएगी। युवा, नव मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं और उद्यमियों को इस बचत उत्सव से बहुत लाभ होगा।

*******************

जी.एस.टी. की नई दरें आज आधी रात से लागू हो रही हैं। आम लोगों को राहत देने के लिए उपभोक्ता वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर दरों में कमी की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से, जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। उनका यह सपना 3 सितम्बर को साकार हुआ, जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की।

*******************

उपभोक्ता कार्य विभाग ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। मंत्रालय ने कहा कि उपभोक्ता अब पोर्टल या टोल–फ्री नंबर 1 9 1 5 के माध्यम से सत्रह भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

*******************

सेवा पखवाड़ा के तहत कोडरमा स्टेशन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित तस्वीरों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव और अमित यादव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन संघर्ष और सेवा का प्रतीक है और उनके कार्यों से देश को नई दिशा मिली है।

*******************

भाजपा ने राज्य स्वास्थ्य विभाग पर टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। आज रांची में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रवक्ता अजय शाह ने कहा कि 11 टेंडरों में तीन कंपनियां केवल एक ही परिवार से संबंधित हैं और अन्य कंपनियों को पहले चरण में ही डिसक्वालीफाई किया जा रहा है। उन्होंने सभी टेंडर रद्द करने और अर्नेस्ट मनी वापस लेने की मांग की।

*******************

प्रदेश कांग्रेस ने आज रांची में अनुसूचित जाति संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें प्रदेश प्रभारी के राजू, विधायक प्रदीप यादव और सुरेश बैठा शामिल हुए। मौके पर प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस दलित समाज के नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है और भाजपा शासनकाल में दलितों को अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। वहीं विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज को संवैधानिक अधिकारों से दरकिनार किया जा रहा है और आयोग को सक्रिय करने के साथ वित्तीय अधिकार दिए जाने चाहिए। उन्होंने अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए होस्टल और अन्य सुविधाएं बहाल करने की मांग की।

*******************

झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीन प्रोफेसरों, डॉ भास्कर सिंह, डॉ सचिन कुमार और डॉ अर्णब शंकर भट्टाचार्य, को विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल किया गया। डॉ भास्कर सिंह लगातार पांचवें वर्ष, डॉ सचिन कुमार तीसरे वर्ष और डॉ भट्टाचार्य ने पहली बार इस सूची में स्थान बनाया। कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि इनके शोध कार्य ने विश्वविद्यालय का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है।

*******************

दुमका पुलिस ने शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के आमचूआ गांव में 70 वर्षीय व्यक्ति और उनकी 19 वर्षीय नतिनी की हत्या के मामले का खुलासा कर लिया है। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

*******************

झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़ कर बोकारो जिला की हजारों महिलाएं अपने जीवन स्तर में बदलाव का रहीं हैं।

*******************

मौसम विभाग ने कल राज्य के सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए भारी बारिश, आकाशीय बिजली और वज्रपात की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने इस दौरान लोगों को सतर्क और सुरक्षित रहने की सलाह दी है।

*******************

दुबई में एशिया कप टी–20 क्रिकेट के सुपर 4 के दूसरे मुकाबले में आज रात आठ बजे भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। भारत ने ग्रुप– मुकाबले में पाकिस्तान पर सात विकेट से जीत हासिल की थी।

******समाप्त********